रदरफोर्ड विजेता टीम में संगीता, प्रीति, अंकित व मनीष रहे शामिल

रसायन विभाग की केमिकल सोसायटी ने कराई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, 10 टीमों ने लिया हिस्सा

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

रसायन विभाग की केमिकल सोसायटी की ओर से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य प्रतिस्पर्धात्मक पहलुओं सहित रसायन विज्ञान के क्षेत्र में रूचि विकसित करना और युवा दिमाग को प्रोत्साहित करना था।

केमिकल सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर और खजांची लक्ष्मी और सोसाइटी के सदस्यों उमेश, चन्द्र, मनीष, निकिता, नेहा, अंकित, सुनेश, कोमल, साक्षी, देपेश और हर्ष ने मुख्य रूप से इस कार्यक्रम के आयोजन को संचालन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. कर्ण सिंह ने इस पूरे सत्र में हिस्सा लिया। मंच संचालन छात्रा साक्षी और निकिता ने किया। विभाग से कर्मवती यादव और सिद्धान्त ने तकनीकी और समय प्रबंधन में भूमिका निभाई। इसमें निर्णायक मंडल के रूप में निशा, मीनाक्षी व गीतांजलि ने भूमिका निभाई। इस स्पर्धा में प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने 10 टीमों में भाग लिया और प्रत्येक टीम से 4 छात्रों ने भाग लिया। यह पूर्ण प्रतियोगिता 4 राउंड में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के समापन पर विभागाध्यक्ष व केमिकल सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने रदरफोर्ड विजेता टीम के नामों (संगीता, प्रीति, अंकित व मनीष) की घोषणा की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

केमिकल सोसायटी ने करवाई क्विज स्पर्धा

रेवाड़ी। रसायन विभाग की केमिकल सोसायटी ओर से इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता मेंप्रतिस्पर्धात्मक पहलुओं सहित रसायन विज्ञान के क्षेत्र में रूचि विकसित करने व युवा दिमाग को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ,कोषाध्यक्ष लक्ष्मी व सदस्य उमेश,मनीष, निकिता, नेहा, अंकित, सुनेश, कोमल, साक्षी, देपेशन्तथा हर्ष ने कार्यक्रम के सफल संचालन में भूमिका निभाई।

hari Bhoomi

QUIZ COMPETITION
ndhi University
pur - Rewari
elcomes
You